भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा
तारांकित पश्न सं. 196*
(20 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के तहत अनिवार्य ऐप-आधारित उपस्थिति

*196. श्रीमती कविता मलोथूः
डॉ. वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मार्च से नवंबर, 2022 तक महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) संबंधी कार्य में भाग लेने वाली महिला श्रमिकों का ब्यौरा माह और राज्य-वार क्या है;
(ख) मनरेगा श्रमिकों के लिए ऐप आधारित उपस्थिति को अनिवार्य बनाने के क्या कारण हैं;
(ग) क्या सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खराब इंटरनेट कनेक्टिविटी, तकनीकी सहायता की कमी, महिला श्रमिकों के पास स्मार्ट फोन की अनुपलब्धता आदि जैसी अनेक ऐसी समस्याओं से अवगत है, जिनका सामना मनरेगा श्रमिकों, विशेष रूप से महिला श्रमिकों को करना पड़ रहा है , जो महिलाओं के ड्रॉपआउट की वजह है; और
(घ) क्या सरकार मनरेगा की सभी महिला श्रमिकों को स्मार्ट फोन देने या इसे स्थगित करने पर विचार कर रही है?

उत्तर
ग्रामीण विकास मंत्री
(गिरिराज सिंह)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

******

**लोक सभा में दिनांक 20.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित पश्न सं.196 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत मार्च, 2022 से नवंबर, 2022 तक रोजगार प्राप्त करने वाली महिला लाभार्थियों का माह-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) से (घ): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के कार्यान्वयन में और अधिक पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से एक दिन में जिस कार्यस्थल के लिए 20 या उससे अधिक श्रमिक के लिए ई-मस्टर रोल जारी किए जाते हैं , उन कामगारों के लिए जियो टैग किए गए और टाइम स्टैम्प वाले फोटोग्राफ के साथ नेशनल मोबाइल मानीटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के लिए 21 मई, 2021 को एक प्रावधान शुरू किया गया है। इस प्रावधान से भुगतान करने की प्रक्रिया में तेजी के साथ इस कार्यक्रम की नागरिकों द्वारा निगरानी में वृद्धि होती है।

जिस जगह पर सरकारी अथवा गैर सरकारी इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं गया है वहाँ के लिए राज्य सरकार को अधिकृत किया गया है कि मैनुअल उपस्थिति ( manual attendance) आवश्यकतानुसार दर्ज कर सकती है।

अगर किसी कार्य स्थल पर इंटरनेट नेटवर्क उपलब्ध नहीं है तो एनएमएमएस ऐप में ऑफलाइन (offline) उपस्थिति दर्ज की जा सकती है और नेटवर्क क्षेत्र में जाने पर इसको अपलोड किया जा सकता है।

सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पात्र कार्यस्थलों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एनएमएमएस ऐप का प्रयोग कर रहे हैं। जिला कार्यक्रम समन्वयक (डीपीसी) को खराब इंटरनेट के कारण उपस्थिति नहीं ली जा सकने की स्थिति में छूट देने के लिए प्राधिकृत किया गया है।

सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र पात्र कार्यस्थलों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए एनएमएमएस ऐप का प्रयोग कर रहे हैं। स्मार्टफोन उपलब्ध न होने के कारण एनएमएमएस ऐप का उपयोग नहीं किए जाने से संबंधित कोई विशिष्ट मुद्दा अब तक इस मंत्रालय की जानकारी में नहीं आया है।

****

**लोक सभा में दिनांक 20.12.2022 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत तारांकित पश्न सं.196 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत मार्च, 2022 से नवंबर, 2022 तक रोजगार प्राप्त करने वाली महिला लाभार्थियों का माह-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

| क्रसं | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | माह के दौरान रोजगार प्राप्त करने वाली महिलाओं की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मार्च, 2022 | अप्रैल, 2022 | मई, 2022 | जून, 2022 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 1050193 | 2025101 | 3024990 | 2601114 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 53688 | 17024 | 18707 | 13675 |
| 3 | असम | 845693 | 583192 | 445259 | 236088 |
| 4 | बिहार | 910220 | 1009284 | 1367681 | 1396580 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 1015464 | 76198 | 600944 | 746185 |
| 6 | गोवा | 252 | 521 | 856 | 876 |
| 7 | गुजरात | 100876 | 270716 | 405251 | 298281 |
| 8 | हरियाणा | 69281 | 26720 | 77970 | 89302 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 162197 | 131858 | 159044 | 170126 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 134104 | 4191 | 7397 | 12330 |
| 11 | झारखंड | 275699 | 247932 | 154859 | 238048 |
| 12 | कर्नाटक | 589538 | 604489 | 944564 | 1105987 |
| 13 | केरल | 800535 | 359450 | 630475 | 839559 |
| 14 | लद्दाख | 5034 | 45 | 945 | 6459 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 598720 | 984560 | 1228442 | 1126482 |
| 16 | महाराष्ट्र | 574967 | 562173 | 659013 | 564539 |
| 17 | मणिपुर | 121269 | 15925 | 2847 | 7334 |
| 18 | मेघालय | 179981 | 15495 | 22634 | 21936 |
| 19 | मिजोरम | 73305 | 99817 | 100012 | 100241 |
| 20 | नागालैंड | 73625 | 33995 | 107574 | 111298 |
| 21 | ओडिशा | 414160 | 601925 | 872965 | 981949 |
| 22 | पंजाब | 98610 | 105179 | 254874 | 270596 |
| 23 | राजस्थान | 1341563 | 1469780 | 2029069 | 2599879 |
| 24 | सिक्किम | 9347 | 6521 | 7388 | 12223 |
| 25 | तमिलनाडु | 2737493 | 1933520 | 3044150 | 3654479 |
| 26 | तेलंगाना | 492922 | 1475040 | 1890532 | 1251840 |
| 27 | त्रिपुरा | 126175 | 44991 | 74063 | 153671 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 28 | उत्तरप्रदेश | 447084 | 600443 | 1102166 | 1397360 |
| 29 | उत्तराखंड | 77392 | 89214 | 82967 | 87372 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 772656 | 455141 | 421810 | 285757 |
| 31 | अण्डमान और निकोबार | 987 | 638 | 403 | 501 |
| 32 | लक्षद्वीप | | 2 | 10 | 6 |
| 33 | पुदुचेरी | 7313 | 1529 | 12118 | 17451 |
| 34 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **1,41,60,343** | **1,38,52,609** | **1,97,51,979** | **2,03,99,524** |

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत मार्च , 2022 से नवंबर, 2022 तक रोजगार प्राप्त करने वाली महिला लाभार्थियों का माह-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

| | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | माह के दौरान रोजगार प्राप्त करने वाली महिलाओं की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जुलाई, 2022 | अगस्त, 2022 | सितंबर, 2022 | अक्टूबर, 2022 | नवंबर, 2022 |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 583953 | 344040 | 390479 | 317336 | 401160 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 14203 | 32268 | 33248 | 50612 | 56292 |
| 3 | असम | 221390 | 282023 | 321779 | 327409 | 413245 |
| 4 | बिहार | 769133 | 460663 | 477027 | 378371 | 441363 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 170455 | 113264 | 169065 | 257269 | 439676 |
| 6 | गोवा | 344 | 252 | 394 | 598 | 936 |
| 7 | गुजरात | 13807 | 45195 | 89175 | 72519 | 91325 |
| 8 | हरियाणा | 65805 | 75028 | 66101 | 27532 | 16675 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 133658 | 126134 | 140731 | 107308 | 91379 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 21691 | 32941 | 59476 | 50928 | 66426 |
| 11 | झारखंड | 274614 | 269856 | 348114 | 347915 | 379582 |
| 12 | कर्नाटक | 782955 | 449519 | 466933 | 424890 | 502469 |
| 13 | केरल | 834802 | 807630 | 651330 | 854925 | 905802 |
| 14 | लद्दाख | 6739 | 5140 | 6884 | 9355 | 12458 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 625121 | 484090 | 592635 | 487964 | 629955 |
| 16 | महाराष्ट्र | 230530 | 155996 | 197226 | 165360 | 245453 |
| 17 | मणिपुर | 25989 | 20608 | 32698 | 34763 | 37948 |
| 18 | मेघालय | 49716 | 93621 | 99777 | 110854 | 123124 |
| 19 | मिजोरम | 87456 | 98959 | 99150 | 100542 | 101260 |
| 20 | नागालैंड | 123954 | 109391 | 116341 | 91489 | 39047 |
| 21 | ओडिशा | 600425 | 406045 | 489513 | 547357 | 651171 |
| 22 | पंजाब | 204523 | 240980 | 239961 | 175886 | 216444 |
| 23 | राजस्थान | 1338967 | 570336 | 612745 | 684593 | 1268648 |
| 24 | सिक्किम | 18819 | 14134 | 11634 | 3708 | 6502 |
| 25 | तमिलनाडु | 3297545 | 3198267 | 3012844 | 2971477 | 2735371 |
| 26 | तेलंगाना | 333216 | 189879 | 186382 | 130875 | 117119 |
| 27 | त्रिपुरा | 153520 | 136597 | 174050 | 105114 | 156788 |
| 28 | उत्तरप्रदेश | 1112377 | 680679 | 623362 | 461466 | 552729 |
| 29 | उत्तराखंड | 82297 | 76033 | 75428 | 57967 | 70631 |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 90203 | 37662 | 37864 | 13817 | 11026 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | अण्डमान और निकोबार | 484 | 642 | 732 | 425 | 520 |
| 32 | लक्षद्वीप | 5 | 4 | 4 | 4 | 7 |
| 33 | पुदुचेरी | 20945 | 12769 | 4322 | 3645 | 4725 |
| 34 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल योग** | **1,22,89,641** | **95,70,645** | **98,27,404** | **93,74,273** | **1,07,87,256** |